GSTIN : 23AACCK4616K4ZK
CIN No. L24124RJ2004PLC019288
www.krishnaphoschem.com
accounts@krishnaphoschem.com

OSTWAL

**KRISHANA PHOSCHEM LIMITED**

(An ISO 9001:2015 Certified Company)

Date: 14.10.2025

To,
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, C-1, Block G,
Bandra Kurla Complex,
Bandra (E)
Mumbai – 400 051

Dear Sir / Madam

**Sub: Submission of Newspaper Cutting for publishing of Unaudited Financial Results for quarter ended on Sept 30, 2025**

Please find enclosed herewith extract of newspaper advertisement published for Declaration of unaudited Financial Results for quarter and half year ended on Sept 30, 2025 of the Company, approved in meeting held on Monday,13th October, 2025, published in three newspapers viz. The Financial Express (English Edition) and Business Remedies (Hindi Edition) on 14th October 2025 and Nafa Nuksan (Hindi Edition) on 14th October, 2025 in terms of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

The advertisement also includes a Quick Response code and the weblink to access complete financial results for the said period. The above information is also available on the website of the Company www.krishnaphoschem.com

This is for your information and record.

**For Krishana Phoschem Ltd.**

ANIL SHARMA
Digitally signed by ANIL SHARMA
Date: 2025.10.14 14:23:03 +05'30'

**Anil Sharma**
**(Company Secretary)**

Registered off. : Wing A/2, 1st Floor, Ostwal Heights, Urban Forest, Atun, Bhilwara 311802(Raj.)
Works : AKVN Industrial Area, Meghnagar-457779, Distt.Jhabua(M.P.)Ph.77730 01157, 92570 11857

# पटेल रिटेल ने 47वें स्टोर के शुभारंभ के साथ अपने बढ़ते नेटवर्क का विस्तार किया

## एमएमआरडीए क्षेत्र में उपस्थिति और मज़बूत की

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** पटेल रिटेल लिमिटेड एक डायवर्सिफाइड रिटेल और खाद्य प्रसंस्करण कंपनी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी ने भिवंडी वाडा रोड, गांव कुदुस, तालुका वाडा, जिला पालघर में अपने 47वें स्टोर - पटेल्स आर मार्ट का शुभारंभ किया है।

मुंबई महानगर क्षेत्र में अपने पदचिह्न का विस्तार करते हुए, कंपनी अपने नेटवर्क को तेजी से विकसित हो रहे आवासीय समुदायों को गुणवत्तापूर्ण आवश्यक वस्तुओं, किराने का सामान और घरेलू उत्पादों के साथ किफायती कीमतों पर सेवा प्रदान करने के लिए मजबूत कर रही है। प्रत्येक नया आउटलेट संगठित खुदरा को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और समुदाय-उन्मुख बनाने की कंपनी की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है। यह नवीनतम जोड़ कंपनी की लिस्टिंग के बाद की विकास यात्रा में एक और कदम है, जो इसके एकीकृत सोर्सिंग, पैकेजिंग और वितरण बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित है जो इसके विस्तारित स्टोर नेटवर्क में मापनीयता, परिचालन दक्षता और सेवा स्थिरता को बढ़ाता है।

इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, पटेल रिटेल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक **धनजी पटेल** ने कहा कि 'हमारा हर नया स्टोर उन समुदायों के साथ हमारे संबंधों को मज़बूत करता है जिनकी हम सेवा करते हैं। हमारा 47वां आउटलेट हमारे बढ़ते प्रभाव और संगठित रिटेल क्षेत्र को रोज़मर्रा के घरों तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम मुंबई क्षेत्र में विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और साथ ही अपने खुदरा नेटवर्क में दक्षता, ग्राहक अनुभव और मूल्य सृजन को भी बढ़ा रहे हैं।'



**धनजी पटेल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पटेल रिटेल लिमिटेड**




**कारोबारी गतिविधियां:** 2008 में स्थापित, पटेल रिटेल लिमिटेड एक खुदरा सुपरमार्केट श्रृंखला है जो मुख्य रूप से टियर-III शहरों और आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों में संचालित होती है। ये स्टोर खाद्य, गैर-खाद्य (एफएमसीजी), सामान्य उत्पाद और परिधान सहित उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। कंपनी ने महाराष्ट्र के अंबरनाथ में 'पटेल्स आर मार्ट' ब्रांड नाम से अपना पहला स्टोर खोला। 31 मई, 2025 तक, कंपनी महाराष्ट्र के ठाणे और रायगढ़ जिलों के उपनगरीय इलाकों में 43 स्टोर संचालित कर रही थी, जिनका कुल खुदरा क्षेत्रफल लगभग 1,78,946 वर्ग फुट था।

मार्जिन और ब्रांड पहचान बढ़ाने के लिए, पटेल रिटेल लिमिटेड ने 'पटेल फ्रेश' (दालें और रेडी-टू-कुक उत्पाद), 'इंडियन चस्का' (मसाले, घी और पापड़), 'ब्लू नेशन' (पुरुषों के वस्त्र) और 'पटेल एसेंशियल्स' (घरेलू सुधार उत्पाद) जैसे निजी लेबल उत्पाद लॉन्च किए हैं।

**विनिर्माण सुविधाएं:** पटेल रिटेल लिमिटेड अपने खुदरा और निजी लेबल संचालनों को समर्थन देने वाली तीन मुख्य इकाइयों का प्रबंधन करती है।

**इकाई 1. (अंबरनाथ, महाराष्ट्र):** यहां दालों, रेडी मिक्स और चुनिंदा किराना वस्तुओं जैसे निजी लेबल उत्पादों के प्रसंस्करण, गुणवत्ता जाँच और पैकेजिंग का कार्य होता है।

**इकाई 2. (दुधई, कच्छ, गुजरात):** यह उत्पादन इकाई मूंगफली, धनिया और जीरा जैसे कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण करती है, जो कंपनी की बैकवर्ड इंटीग्रेशन रणनीति का एक प्रमुख घटक है।

**इकाई 3. (कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर, दुधई, कच्छ, गुजरात):** 15.925 एकड़ में फैले इस एकीकृत कृषि-क्लस्टर में पाँच उत्पादन इकाइयाँ, एक फल गूदा प्रसंस्करण इकाई, एक शुष्क गोदाम (3,040 मीट्रिक टन क्षमता), एक शीत भंडारण इकाई (3,000 मीट्रिक टन क्षमता) और एक आंतरिक परीक्षण एवं अनुसंधान प्रयोगशाला शामिल हैं।

**संचालन एवं वितरण:** पटेल रिटेल लिमिटेड अपने स्टोर्स को आस-पड़ोस के सुपरमार्केट के रूप में स्थापित करती है जो दैनिक ज़रूरतों और थोक खरीदारी, दोनों की पूर्ति करते हैं। अपनी मुख्य खुदरा गतिविधि के अलावा, कंपनी अपने स्टोर्स के भीतर वि `ता व्यवस्थाओं के माध्यम से किराये की आय भी अर्जित करती है।

31 मई, 2025 तक कंपनी के 10,000 एसकेयू में 38 उत्पाद श्रेणियां हैं। इसके उत्पाद विभिन्न राज्यों में वितरित किए जाते हैं और अधिकांश बिक्री महाराष्ट्र और गुजरात से होती है।

# ओरिएंट ट्रेडलिंक लिमिटेड ने पुस्तक 'शिरडी: बिफोर एंड आफ्टर 2000' के लिए वैश्विक विपणन अधिकार हासिल किए



**बिजनेस रेमेडीज/नई दिल्ली।** नई दिल्ली आधारित ओरिएंट ट्रेडलिंक लिमिटेड ने पुस्तक 'शिरडी: बिफोर एंड आफ्टर 2000' के लिए वैश्विक विपणन अधिकार हासिल किए हैं। कंपनी प्रबंधन के अनुसार यह परिवर्तनकारी नई पुस्तक आध्यात्मिक साहित्य और आस्था को पुनर्परिभाषित कर रही है। 19 सितंबर को लॉन्च हुई इस पुस्तक ने आध्यात्मिक और प्रकाशन जगत में सुर्खियां बटोरी है। केवल आठ दिनों के भीतर, अमेज़न, फ्लिपकार्ट और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर इसकी 3,000 से अधिक हार्डकवर प्रतियां बिक चुकी हैं, जिसने समकालीन भक्ति रचनाओं के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। अगले दो वर्षों में 5 लाख से अधिक प्रतियों की अनुमानित बिक्री के साथ, यह पुस्तक तेज़ी से एक वैश्विक

बेस्टसेलर के रूप में अपनी स्थिति बना रही है और यह ओरिएंट ट्रेडलिंक लिमिटेड के लिए एक नए विकास इंजन के रूप में प्रभावी भूमिका निभायेगी।

**मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वाटिका सांगानेर जयपुर द्वितीय**

क्रमांक 1054 — दिनांक 06/10/2025

**निविदा सूचना**

निम्न कार्य सेवाओ (वर्ष 2025-2026) के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रम संख्या | नाम सामग्री/सेवा जमा कराने कि दिनांक (अन्तिम) | निविदा फार्म बेचने व कि दिनांक | निविदा फार्म खोलने | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय कि साफ-सफाई कार्य का अनुबन्ध | 16/10/2025 | 17/10/2025 | 2 प्रतिशत बिड राशि का |

:- निविदा फार्म 200रु जमा करवाकर कार्या समय मे कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
:- डाक से प्राप्ति हेतु 300रु का डीडी भिजवायें।
:- कार्य के लिये स्थानीय फर्मों को प्राथमिकता दी जायेगी।
:- निविदा के संबध मे अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
-30000 रु प्रति माह कुल खर्चा 360000

NIB : MHS2526A3029
UBN: MHS2526SSRCO4336
D.I.P.R./C/14836/2025

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वाटिका सांगानेर
जयपुर

# कृष्णा फॉसकेम लिमिटेड ने 30 सितंबर 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के वित्तीय परिणाम घोषित किए

**बिजनेस रेमेडीज/जयपुर।** कृष्णा फॉसकेम लिमिटेड-ओस्टवाल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज़ की एक इकाई और पूर्ण बैकवर्ड इंटीग्रेशन के साथ जटिल उर्वरक NPK/DAP और SSP की निर्माता ने अपनी 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के लिए अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा 13 अक्टूबर 2025 को हुई बोर्ड बैठक में की।

**सितंबर 2025 में समाप्त तिमाही**

**कुल राजस्व:** रु. 607.86 करोड़ (तुलना में रु. 300.56 करोड़ Q2 FY2025, वार्षिक आधार पर 102.24% की वृद्धि)

**EBITDA:** रु. 73.18 करोड़ (तुलना में रु. 40.28 करोड़ Q2 FY2025, 81.66% की वृद्धि)

**कर पश्चात लाभ:** रु. 33.17 करोड़ (तुलना में रु. 16.74 करोड़ Q2 FY2025, 98.07% की वृद्धि)

**सितंबर 2025 में समाप्त अर्धवार्षिक अवधि:**

**कुल राजस्व:** रु. 1003.40 करोड़ (तुलना में रु. 581.32 करोड़ FY2025 की समान अवधि में, 72.61% की वृद्धि)

EBITDA: रु. 138.73 करोड़ (तुलना में रु. 82.16 करोड़ FY2025 की समान अवधि में, 68.86% की वृद्धि)

कर पश्चात लाभ : रु. 63.74 करोड़ (तुलना में रु. 33.16 करोड़ FY2025 की समान अवधि में, 92.26% की वृद्धि)

**वार्षिक आधार पर EPS रु. 20.62 दर्ज किया गया**

**प्रदर्शन की प्रमुख उपलब्धियां**

इस तिमाही में कंपनी ने अपने इतिहास का सबसे उच्च तिमाही और अर्धवार्षिक राजस्व दर्ज किया। साथ ही उर्वरक उत्पादन और बिक्री मात्रा क्रमशः 95,783 MT और ,21,491 MT के सर्वाधिक स्तर पर पहुंची।

SSP संयंत्र ने 111% क्षमता उपयोग के साथ उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जबकि NPK/DAP संयंत्रों ने 76% क्षमता उपयोग हासिल किया, जो बढ़ती मांग और परिचालन दक्षता को दर्शाता है।

पहली तिमाही में लॉन्च किए गए नए उत्पादों की बिक्री में तेजी आई और किसानों के बीच उनकी स्वीकृति और लोकप्रियता बढ़ी।

**हरित पहल और विस्तार योजनाएं**

अगस्त 2025 में, कंपनी को SECI की SIGHT योजना के तहत आयोजित भारत की सबसे बड़ी रिवर्स नीलामियों में से एक में ग्रीन अमोनिया के प्राथमिक खरीदार के रूप में चयनित किया गया।

इसके तहत विजेता बोलीदाता ्यक्क रु संयंत्रों को 0.70 लाख MTPA ग्रीन अमोनिया की आपूर्ति 10 वर्षों तक करेंगे।

यह कंपनी की ग्रीन इंडिया पहल और आत्मनिर्भर भारत मिशन के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

नए प्रोजेक्ट्स के तहत मेघनगर (मध्य प्रदेश) में विस्तार कार्य तय समयानुसार प्रगति पर है, और कंपनी को उम्मीद है कि मार्च 2026 तक वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो जाएगा।

**वैभव ग्लोबल लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय- ई-69, ईपीआईपी, सीतापुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302022, राजस्थान, इण्डिया
फोन : +91-141-2771975; CIN : L36911RJ1989PLC004945
ई-मेल : investor_relations@vaibhavglobal.com; वेबसाइट : www.vaibhavglobal.com

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध पुनः दाखिल करने के लिए विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 2 जुलाई, 2025 के अनुसार, वैभव ग्लोबल लिमिटेड के सभी शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः दाखिल करने के लिए 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक एक विशेष विंडो खोली गई है।

शेयरधारकों को ध्यान देना चाहिए कि यह विंडो केवल उन हस्तांतरण विलेखों को पुनः दाखिल करने के लिए है, जो भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के लिए 1 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले दाखिल किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्यथा में कमी के कारण अस्वीकार/वापस कर दिए गए/उन पर ध्यान नहीं दिया गया।

जो शेयरधारक इस अवसर का लाभ उठाना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से einward.ris@kfintech.com पर संपर्क करें; संपर्क नंबर: 1-800-309-4001, यूनिट: वैभव ग्लोबल लिमिटेड, सेलेनियम टावर बी, प्लॉट 31-32, गाचीबोवली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500 032

कृते वैभव ग्लोबल लिमिटेड
हस्ता./-
यशस्वी पारीक
कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या- A39220

स्थान : जयपुर
दिनांक : 13 अक्टूबर, 2025
• यह सूचना अंग्रेजी प्रारूप का रूपांतरण है।

# निफ्टी फ्यूचर 25008 अंक अति महत्वपूर्ण स्तर...!!!

**दिनांक 14.10.2025 शेयर बाजार में ट्रेडिंग के संबंध में....**

दिनांक 13.10.2025 पर निफ्टी फ्यूचर क्लोजिंग प्राइस @ 25309 पॉइंट पर :-

अगले कारोबार के लिए संभवित निफ्टी फ्यूचर 25088 अंक के मजबूत स्टॉपलॉस के साथ सबसे महत्वपूर्ण स्तर 25373-25404 अंक को छू सकता है निफ्टी फ्यूचर में प्रति यात्मक के लिए 25008 रुपये का महत्वपूर्ण स्टॉपलॉस के साथ सावधानी की स्थिति....!!!

**अब नजर डालते हैं फ्यूचर्स स्टॉक सम्बंधित मूवमेंट पर...!!**

**ओबेरॉय रियल्टी ( 1594 ) :-** रेजिडेंशियल, कमर्शियल प्रोजेक्ट्स सेक्टर की इस अग्रणी कंपनी के शेयर की कीमत फिलहाल 1573 रुपये के आसपास है। 1560 रुपये के सख्त स्टॉपलॉस के साथ यह स्टॉक 1604 से 1614 रुपये के आसपास इस शेयर का मूल्य स्तर दर्ज होने की संभावना है...!! 1620 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा...!!

**हेवेल्स इंडिया ( 1474 ) :-**



**निखिल भट्ट**
**रिसर्च एनालिस्ट,**
**(इन्वेस्टमेंट पॉईंट)**



तकनीकी चार्ट के अनुसार 1444 रुपये के आसपास सकारात्मक ब्रेकआउट। 1430 रुपये के सपोर्ट से खरीदा जा सकने वाला यह स्टॉक 1488 रुपये से 1500 रुपये के आसपास मूल्य स्तर दर्ज करने की संभावना है...!!

**गोदरेज कन्ज्यूमर ( 1116 ) :-** पर्सनल केर सेक्टर के शेयर में 1137 रुपये से 1150 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 1080 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करेंज!!

**जिंदल स्टील ( 1014 ) :-** आयरन & स्टील सेक्टर के शेयर में 1034 रुपये से 1040 रुपये तक की शॉर्ट टर्म तेजी का रुख दिखाएगा, 980 रुपये के अनुमानित सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें।

**एचडीएफसी बैंक ( 982 ) :-** 01 रुपये का फेसवैल्यूका फंडामेंटल स्ट्रॉन्ग यह स्टॉक करीब 955 रुपये स्टॉप लॉस के साथ प्राइवेट बैंक सेक्टर के इस स्टॉक में लगभग 997 रुपये से 1004 रुपये तक लक्ष्य की संभावना है।

**वोल्टास लि. (1377):** तकनीकी चार्ट के हॉउसहोल्ड एप्लायन्सिस सेक्टर के इस शेयर पर बिकवाली होने की संभावना के साथ 1360 रुपये से 1344 रुपये के आसपास मूल्य स्तर दर्ज की संभावना है। प्रतिक्रियात्मक के लिए 1420 रुपये का स्टॉपलॉस ध्यान में रखें...

**भारत फोर्ज ( 1221 ) :-** इस शेयर को 1244 रुपये के आसपास ओवरबोट स्थिति दर्ज करते हुए बिकवाली की संभावना के साथ इसकी कीमत 1203 रुपये से 1194 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास की संभावना है...!!! 1250 रुपये के स्तर पर एक तेजी का माहोल..!!

**एक्सिस बैंक ( 1191 ) :-** प्राइवेट बैंक सेक्टर का यह स्टॉक 1220 रुपये के स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1173 रुपये से 1160 रुपये के मूल्य स्तर के आसपास की संभावना है...!!

**ओरबिन्दो फार्मा ( 1140 ) :-** फार्मा सेक्टर के इस शेयर को करीब 1174 रुपये स्टॉपलॉस के साथ बेचकर 1127 रुपये से 1109 रुपये का मूल्य स्तर दर्ज होने की संभावना है। ट्रेडिंग के लिए 1180 रुपये का सख्त स्टॉपलॉस का पालन करें।

**अदानी ग्रीन ( 1053 ) :-** इस शेयर को करीब 1077 रुपये का स्टॉपलॉस के साथ बेचकर मूल्य स्तर प्राइस 1028 रुपये से लेकर 1016 रुपये तक रहने की संभावना है। 1083 रुपये पर तेजी का रुख दिखाएगा।

**नोट: शेयरों में निवेश करने से पूर्व निवेशको को वित्तीय सलाहकार की सलाह लेनी चाहिए।**

**कृष्णा फोसकेम लिमिटेड**

विंग ए/2, फर्स्ट फ्लोर, ओस्तवाल हाइट्स, अरबन फॉरेस्ट, आटून, भीलवाड़ा (राज.) भारत
वेबसाइट: www.krishnaphoschem.com, ई-मेल: secretarial@krishnaphoschem.com
फोन नं.: 01482-294582, सीआईएन: L24124RJ2004PLC019288

**30 सितम्बर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**
**[सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 का विनियम 47(1)(बी)]**

रूपये लाखों में

| क्र.सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 अन-अंकेक्षित | 30.06.2025 अन-अंकेक्षित | 30.09.2024 अन-अंकेक्षित | 30.09.2025 अन-अंकेक्षित | 30.09.2024 अन-अंकेक्षित | 31.03.2025 अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से आय | 61,126.63 | 39,834.62 | 30,294.39 | 100,961.25 | 58,455.88 | 136,816.59 |
| 2. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 6,059.39 | 5,126.17 | 2,479.26 | 11,185.56 | 4,747.57 | 12,326.58 |
| 3. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 6,059.39 | 5,126.17 | 2,479.26 | 11,185.56 | 4,747.57 | 12,326.58 |
| 4. | शुद्ध लाभ/(हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं के बाद) | 3,316.59 | 3,058.03 | 1,674.45 | 6,374.62 | 3,315.53 | 8,653.95 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 3,316.59 | 3,058.03 | 1,674.45 | 6,374.62 | 3,315.53 | 8,630.45 |
| 6. | समता अंश पूंजी | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूंजी | | | | 38,263.09 | 26,882.70 | 32,197.62 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिये) | | | | | | |
| | 1. मूल | 5.36 | 4.95 | 2.71 | 10.31 | 5.36 | 14.00 |
| | 2. तरल | 5.36 | 4.95 | 2.71 | 10.31 | 5.36 | 14.00 |

टिप्पणियां:

1. 30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए कंपनी के उपरोक्त अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 13 अक्टूबर, 2025 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों ('इंड एस') के अनुसार तैयार किए गए हैं, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत जारी प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ा जाता है।
3. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर 30 सितम्बर, 2025 को समाप्त अनअंकेक्षित तिमाही और छमाही के लिए विस्तृत वित्तीय परिणामों का उद्धरण है। तिमाही और छमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.krishnaphoschem.com पर उपलब्ध है।

स्थान: भीलवाड़ा
दिनांक: 13 अक्टूबर, 2025

निदेशक मंडल की ओर से और के लिए
(सुनील कोठारी)
पूर्णकालिक निदेशक एवं सीएफओ
डीआईएन: 02056569

## For Your Information

### Mobile Phone Exports from India by Fiscal Year (In US$ Billion)



2016: $0.22
2017: $0.17
2018: $0.21
2019: $1.60
2020: $3.80
2021: $3.10
2022: $5.80
2023: $11.10
2024: $15.58
2025: $24.10

(ICEA, MoC&I, News Reports)

Compiled by Nafanuksan Research

## अमृत वचन



कोई हमारा बुरा करे यह उसका कर्म, हम किसी का बुरा न करें, यह हमारा धर्म। शर्बत पिलाने वाले को तो हर कोई गुलदस्ता देता है, हम कांटे गड़ाने वाले को भी शर्बत पिला रहे हैं, इसी में हमारी धार्मिकता है।

- श्री चन्द्रप्रभ

## Thoughts of the time

Cooking: An art, a noble science; cooks are gentlemen.

- Richard Burton

The difference between what we do & what we capable of doing would suffice to solve most of the world's problem.

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**घर रा टाबर कांणा है सोवणा**

**घर के बच्चे काने ही सुहाने**

- अपने घरवालों में बुराई नजर नहीं आती। अपनी चीज बुरी भी हो तो उसके प्रति मोह स्वाभाविक है।

*-स्व. विजय दान देथा*
*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

# 'राजस्थान में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कीमतें नए निचले स्तर पर पहुंचना एक ऐतिहासिक उपलब्धि'



**नई दिल्ली@आईएएनएस।** पूर्व जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने सोमवार को राजस्थान में बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कीमतें नए निचले स्तर पर पहुंचने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

कांत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'राजस्थान ने भारत में अब तक के सबसे कम बैटरी एनर्जी स्टोरेज कीमत 1.77 लाख रुपए प्रति मेगावाट के साथ एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है।' उन्होंने आगे लिखा, 'यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो ग्रिड विश्वसनीयता को मजबूत करेगी, रिन्यूएबल एनर्जी अपनाने में तेजी लाएगी। साथ ही, भारत के लिए क्लीन एनर्जी को पहले से अधिक किफायती बनाएगी।' सोलर बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम की कीमतें एक नए निचले स्तर पर पहुंचना पीक आवर डिमांड के दौरान सोलर पावर की उपलब्धता को लेकर एक बड़े कदम के रूप में देखा जा रहा है।

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) द्वारा 1,000 मेगावाट/2,000 मेगावाट प्रति घंटा बीईएसएस रिवर्स नीलामी के लिए 8 अक्टूबर को शुरू हुई बोली में रिकॉर्ड 48 बोलीदाताओं ने भाग लिया और 11 बोलीदाताओं ने 1.77-1.78 लाख रुपए प्रति मेगावाट की पेशकश की, जो देश में अब तक किसी भी भंडारण बोली के लिए सबसे कम है। इससे पहले नवंबर 2024 में न्यूनतम बोली 2.21 लाख रुपए प्रति मेगावाट थी। इसके अलावा, बैटरी एनर्जी स्टोरेज को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल 30 गीगावाट प्रति घंटा बैटरी स्टोरेज के लिए वीजीएफ स्कीम को मंजूरी दे चुके हैं। इस वर्ष जून में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में इस स्कीम को मंजूरी दिए जाने की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 'केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि ऊर्जा सुरक्षा और रिन्यूएबल इंटीग्रेशन को बढ़ावा देने के लिए, विद्युत मंत्रालय ने पहले से चल रही 13.2 गीगावाट प्रति घंटा क्षमता वाले बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के अतिरिक्त, 30 गीगावाट प्रति घंटा क्षमता वाली बीईएसएस के लिए वाइबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) योजना को मंजूरी दे दी है।

# 'हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपो - विरासत विव्स' का शुभारंभ



**बीकानेर@नि.सं.।** दीपावली पर्व से पूर्व बीकानेर में पारंपरिक कला, संस्कृति और दस्तकारी का संगम देखने को मिल रहा है। जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में शनिवार को 'हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपो - विरासत विव्स' का शुभारंभ संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा और जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने किया। यह एक्सपो 18 अक्टूबर तक प्रतिदिन प्रात: 11 से रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा।

इस एक्सपो में देश के 13 राज्यों से आए कलाकारों के 42 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के अनूठे उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। उद्घाटन के दौरान जिला कलक्टर सहित कई अधिकारियों ने भी उत्पाद खरीदकर कलाकारों को प्रोत्साहित किया। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि यहां देश के कोने-कोने से आए दस्तकार अपनी कला लेकर आए हैं, जिससे लोगों को विभिन्न राज्यों की संस्कृति और हुनर को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि दीपावली से पहले आयोजित यह एक्सपो 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास है। बीकानेर के लोग भी कला और संस्कृति के प्रति गहरी रुचि रखते हैं, इसलिए 13 राज्यों की हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम प्रदर्शनी से उन्हें विविध कलाओं की झलक मिलेगी और वे स्थानीय उत्पादों की खरीद को प्रोत्साहित करेंगे। एक्सपो में राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, गोवा, असम, बिहार, कर्नाटक, गुजरात, मध्य प्रदेश, ओडिशा और कश्मीर के उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं।

**प्रमुख प्रदर्शित उत्पाद :** ओडिशा की पटचित्र और पेडी स्ट्रॉ आर्ट, मध्यप्रदेश का लोहा शिल्प, गोंड आर्ट व बाघ प्रिंट, गुजरात की कच्छ एंब्रॉयडरी, अजरक प्रिंट व बंधनी, आंध्र प्रदेश की लेदर क्राफ्ट व पाटेड़ा अंचू आदि प्रदर्शित किए गए।

## ब्रीफ न्यूज

### नकली सरस और कृष्णा घी पकड़ा गया



**जयपुर@का.सं.।** 'शुद्ध आहार- मिलावट पर वार' अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जयपुर के ब्रह्मपुरी शंकर नगर एवं रामगढ़ मोड़ स्थित अग्रवाल एंड कंपनी के प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर सरस एवं कृष्णा ब्रांड के लेबल लगे नकली घी बरामद किया। प्रारंभिक जांच में संदेह होने पर दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों से पुष्टि करवाई गई। सरस घी के प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और उत्पाद को नकली करार दिया। उन्होंने ब्रह्मपुरी थाना में एफआईआर के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। सरस घी का नमूना स्रस्स एक्ट के तहत विधिवत रूप से लिया गया। टीम ने मौके से 200 एमएल के 40, एक लीटर के 3 एवं 500 एमएल के 6 कार्टन नकली देशी घी बरामद किया है। कृष्णा घी के प्रतिनिधि कमल टांक ने व्हाट्सएप के माध्यम से उत्पाद के नकली होने की पुष्टि की। मौके से कृष्णा घी का भी नमूना लिया गया तथा शेष स्टॉक को सीज कर दिया गया।

### 'ग्रैंड कॉन्टिनेंट' लक्जरी कलेक्शन होटल का भव्य शुभारंभ



**उदयपुर@नि.सं.।** ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स लिमिटेड ने लक्जरी कलेक्शन श्रेणी की पहली होटल का उदयपुर में भव्य उद्घाटन ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रमेश शिवा, डायरेक्टर विद्या रमेश, सीएफओ मिथुन जयरमन, सीओओ अभिजीत श्रीवास्तव और समाजसेवी एवं लैंड ओनर धर्मपाल डेम्बला ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स के प्रेसिडेंट संजय कुमार दास, ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स उदयपुर के जनरल मैनेजर अंकुश कटवाल, विशाल डेम्बला, प्रीत डेम्बला भी उपस्थित थे। इस मौके पर रमेश शिवा ने कहा कि हमें उदयपुर में अपना 25वां होटल लॉन्च करते हुए अत्यधिक प्रसन्नता हो रही है। ग्रैंड कॉन्टिनेंट-ए लक्जरी कलेक्शन को वर्तमान समय और ट्रावेलर्स की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हमारा उद्देश्य उदयपुर घूमने आने वाले मेहमानों को बेहतरीन सेवा और आराम का अनुभव प्रदान करना है। होटल में 103 सुसज्जित कमरे हैं, जिनमें पाँच अलग-अलग श्रेणियां, प्रेसिडेंशियल सूट से लेकर डीलक्स तक शामिल हैं। प्रत्येक कमरा आधुनिक सुविधाओं से लैस है। शोभागपुरा स्थित यह नया होटल उदयपुर के प्रमुख पर्यटक स्थलों के करीब स्थित है।

### डी.पी.ज्वैलर्स का नया स्पेशल फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च




**जयपुर@का.सं.।** डी पी ज्वेलर्स ने इस साल त्यौहारों के अवसर पर अपना नया स्पेशल फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च किया है। इस कलेक्शन की खासियत यह है कि इसमें गोल्ड, डायमंड और पोल्की ज्वेलरी के अनोखे डिजाइन्स शामिल किए गए हैं, जो पारंपरिक और मॉडर्न दोनों तरह की पसंद को पूरा करते हैं। चाहे खास अवसर पर भारी पारंपरिक हार-सेट हो या रोजमर्रा के लिए हल्के वजन की स्टाइलिश ज्वेलरी। डी.पी.ज्वैलर्स ने पुष्य नक्षत्र पर शोरूम तय समय से पहले खोले जाने का निर्णय लिया है। उदयपुर, भीलवाड़ा, कोटा, अजमेर व बांसवाड़ा समेत देश के विभिन्न शोरूमों पर ग्राहकों के लिए शगुन के सोने व चांदी के सिक्के, चांदी के आर्टिकल्स, हॉलमार्क गोल्ड व 100 फीसदी नेचुरल डायमंड ज्वैलरी का नायाब कलेक्शन उपलब्ध है। कंपनी के संतोष कटारिया व अनिल कटारिया ने कहा कि ग्रुप का उद्देश्य हमेशा अपने ग्राहकों को कुछ नया और खास अनुभव देना है।

## नेशनल ● इंटरनेशनल

# सीसीआई के आदेश पर एशियन पेंट्स की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एशियन पेंट्स की उस याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया, जिसमें कंपनी ने डेकोरेटिव पेंट खंड में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के आरोपों की जांच करने के आदेश को चुनौती दी थी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एशियन पेंट्स के खिलाफ भारतीय डेकोरेटिव पेंट्स के निर्माण और बिक्री के बाजार में अपनी दबदबे की स्थिति का दुरुपयोग करने के आरोप में जांच शुरू करने का निर्देश दिया था। न्यायमूर्ति जे.के. महेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने मुंबई उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार किया, जिसमें सीसीआई के जांच के आदेश को सही ठहराया गया था। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिका सुनने की इच्छा न जताते हुए इसे 'वापस ले लिया गया' मानकर खारिज कर दिया। प्रतिस्पर्धा आयोग ने बिड़ला पेंट्स की इकाई ग्रासिम इंडस्ट्रीज की शिकायत के बाद एशियन पेंट्स के खिलाफ जांच का आदेश दिया था। आयोग ने महानिदेशक को जांच पूरी कर 90 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा था। ग्रासिम ने आरोप लगाया था कि एशियन पेंट्स ने घरेलू डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में उसके प्रवेश और वृद्धि को रोकने के लिए प्रतिस्पर्धा बाधित करने वाले तौर-तरीके अपनाए। सीसीआई ने यह भी कहा कि एशियन पेंट्स के इस व्यवहार से नई कंपनियों के लिए बाजार में बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं और प्रतिस्पर्धा आंशिक रूप से बंद हो रही है। हालांकि, सीसीआई के आदेश में अस्थायी दृष्टिकोण बताते हुए कहा गया था कि यह मामले के निहितार्थ पर अंतिम निर्णय नहीं है।

## विप्रो एक प्रसिद्ध ट्रेडमार्क : दिल्ली हाईकोर्ट

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि विप्रो एक प्रसिद्ध ट्रेडमार्क है। न्यायालय ने कहा कि विप्रो एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कम से कम 1977 से इस ट्रेडमार्क का लगातार और निर्बाध रूप से उपयोग कर रहा है और इसने काफी साख और प्रतिष्ठा हासिल की है। दरअसल शिवम उद्योग विप्रो वायर मेश ने इस ट्रेडमार्क के पंजीकरण के लिए आवेदन किया था, जिसके खिलाफ विप्रो एंटरप्राइजेज द्वारा दायर एक मुकदमे पर छह अक्टूबर को पारित आदेश में न्यायमूर्ति तेजस करिया ने यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने कहा कि विप्रो 1980 के दशक से विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार कर रही है और उसने विभिन्न श्रेणियों में विप्रो मार्क के लिए कई पंजीकरण हासिल किए हैं, जिनमें विप्रो डिवाइस मार्क का सबसे पहला पंजीकरण 1991 में हुआ था। अदालत ने कहा कि वादी ने अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, फिलीपींस, ब्राजील, कनाडा, मलेशिया, मेक्सिको जैसे विभिन्न देशों में ट्रेडमार्क पंजीकरण हासिल किए हैं। न्यायाधीश ने कहा, वादी को ट्रेडमार्क या व्यापार नाम विप्रो के तहत अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के संबंध में विभिन्न मान्यताएं, पुरस्कार और प्रशंसाएं भी मिली हैं।

# चीन का अमेरिका को एक्सपोर्ट सितंबर में घटा, ग्लोबल एक्सपोर्ट में ग्रोथ

**हांगकांग@एजेंसी।** चीन का अमेरिका को एक्सपोर्ट सितंबर में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत कम हो गया, जबकि इसके वैश्विक एक्सपोर्ट में वृद्धि छह महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई। सीमा शुल्क के जारी आंकड़ों के अनुसार, चीन का वैश्विक एक्सपोर्ट सालाना अधार पर 8.3 प्रतिशत की बढ़त के साथ 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया जो अर्थशास्त्रियों के अनुमान से कहीं अधिक है। यह अगस्त में हुई 4.4 प्रतिशत की सालाना वृद्धि से भी काफी बेहतर है। इंपोर्ट में पिछले महीने 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो अगस्त में हुई 1.3 प्रतिशत की वृद्धि से काफी बेहतर है। हालांकि कमजोर घरेलू अर्थव्यवस्था और रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी के कारण मांग एवं उपभोग पर दबाव बना हुआ है। चीन का अमेरिका को एक्सपोर्ट लगातार छह महीनों से घट रहा है।

# ईडी ने फ्लिपकार्ट को जुर्माना भरकर, गलती मानकर फेमा मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। इस घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने बताया, ''ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।''

# इंडिया-ब्रिटेन ट्रेड एग्रीमेंट बिजनस, इंवेस्टमेंट को बढ़ावा देगा : विशेषज्ञ

**नयी दिल्ली@एजेंसी।** भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त ट्रेड एग्रीमेंट देश के एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले साल लागू होने की संभावना है। डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय एक्सपोर्ट के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा। उन्होंने कहा, ''समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा।'' इसके अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा।

**राजस्थान सिलेण्डर्स एण्ड कन्टेनर्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय :एसपी-825, रोड नं. 14, वीकेआई एरिया, जयपुर-302013,
फोन: 91-141-4031771-2; E: info@bajoriagroup.in;
W: www.bajoriagroup.in; CIN No: L28101RJ1980PLC002140

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने हेतु विशेष विंडो की सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी ने अपने परिपत्र संख्या SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025 के माध्यम से केवल उन हस्तांतरण विलेखों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए एक विशेष विंडो खोली है, जो 01 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले प्रस्तुत किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्य किसी कारण से अस्वीकृत/वापस कर दिए गए थे/उन पर ध्यान नहीं दिया गया था। यह अवधि 07 जुलाई, 2025 से 06 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए है।
जिन निवेशकों ने 31 मार्च, 2021 की पूर्व निर्धारित समय सीमा चूक दी है, उन्हें इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
इस अवधि के दौरान, हस्तांतरण के लिए पुनः जमा की गई प्रतिभूतियाँ (जिनमें सूचीबद्ध कंपनी/आरटीए के पास आज तक लंबित अनुरोध भी शामिल हैं) केवल डीमैट मोड में जारी की जाएँगी।
पात्र निवेशक आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने अनुरोध नीचे दिए गए पते पर कंपनी/कंपनी के आरटीए को प्रस्तुत कर सकते है।

| सचिवालय विभाग: | रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट: |
|---|---|
| राजस्थान सिलेंडर्स एंड कंटेनर्स लिमिटेड<br>पंजीकृत कार्यालय: एसपी - 825, रोड नंबर 14,<br>वी.के.आई. एरिया, जयपुर -302013 (राजस्थान)<br>दूरभाष: 91-141-4031771-2;<br>ई-मेल: info@bajoriagroup.in | बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज (प्रा.) लिमिटेड<br>बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99 मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग सेंटर के पीछे, दाता हरसुखदास मंदिर के पास,<br>नई दिल्ली -110062, फ़ोन: 011-29961281-83<br>ईमेल: beetal@beetalfinancial.com;<br>beetalrta@gmail.com |

वास्ते राजस्थान सिलेण्डर्स एण्ड कन्टेनर्स लिमिटेड
हस्ता./-
अविनाश बाजोरिया ( अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक )
DIN: 01402573

स्थान : जयपुर
दिनांक : 13.10.2025

**कृष्णा फोस्केम लिमिटेड**
OGI OSTWAL विंग ए/2, फर्स्ट फ्लोर, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फारेस्ट, आटून, भीलवाड़ा (राज.) भारत
सीआईएन - L24124RJ2004PLC019288 | फोन न.- 01482-294582
ई-मेल : secretarial@krishnaphoschem.com वेबसाइट : www.krishnaphoschem.com
अन्नदाता

**30 सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अनंकक्षित वित्तीय परिणाम का विवरण**

[Regulation 47(1)(b) of the SEBI (LODR ) Regulations, 2015] (रु. लाखो में राशि )

| S. No. | Particulars | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2025 | 30.06.2025 | 30.09.2024 | 30.09.2025 | 30.09.2024 | 31.03.2025 |
| | | अन अंकेक्षित | अन अंकेक्षित | अन अंकेक्षित | अन अंकेक्षित | अन अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| 1. | परिचालनों से आय | 61,126.63 | 39,834.62 | 30,294.39 | 100,961.25 | 58,455.88 | 136,816.59 |
| 2. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं से पहले) | 6,059.39 | 5,126.17 | 2,479.26 | 11,185.56 | 4,747.57 | 12,326.58 |
| 3. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर से पहले एवं असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 6,059.39 | 5,126.17 | 2,479.26 | 11,185.56 | 4,747.57 | 12,326.58 |
| 4. | शुद्ध लाभ / (हानि) (कर एवं असाधारण वस्तुओं के बाद ) | 3,316.59 | 3,058.03 | 1,674.45 | 6,374.62 | 3,315.53 | 8,653.95 |
| 5. | कुल व्यापक आय (कर एवं अन्य व्यापक आय के बाद) | 3,316.59 | 3,058.03 | 1,674.45 | 6,374.62 | 3,315.53 | 8,630.45 |
| 6. | समता अंश पूँजी | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 | 6,182.76 |
| 7. | अतिरिक्त अंश पूँजी | | | | 38,263.09 | 26,882.70 | 32,197.62 |
| 8. | आय प्रति शेयर (रु.10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए ) | | | | | | |
| | 1. मूल | 5.36 | 4.95 | 2.71 | 10.31 | 5.36 | 14.00 |
| | 2. तरल | 5.36 | 4.95 | 2.71 | 10.31 | 5.36 | 14.00 |

**टिप्पणी :**
1. 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष के लिए कंपनी के उपरोक्त अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और 13 अक्टूबर, 2025 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक ("इंड एस") के अनुसार तैयार किये गये हैं, इसके तहत जारी प्रासंगिक नियमों के साथ पढ़ें।
3. उपरोक्त विवरण 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल विस्तृत वित्तीय परिणामों का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.nseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.krishnaphoschem.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से
हस्ताक्षरित /-
(सुनील कोठारी )
पूर्णकालिक निदेशक एवं सी.एफ.ओ
DIN 02056569

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 13-10-2025